ADFACTORS PR
Knowledge-driven communications

Published Date:	23 Aug 2018	Publication:	National Sandesh (Hindi)
Edition:	Nagpur	Page No:	5
MAV/CCM:	8376/10.47	Circulation:	65235

टीसीएस आईटी विज 2018 के नागपुर संस्करण की शुरुआत 4 सितंबर को

नागपुर, 23 अगस्त. आईटी सेवा, परामर्श एवं व्यवसाय समाधान में अग्रणी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने घोषणा की है कि स्कूलों के लिए भारत के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज 2018 के नागपुर संस्करण का आयोजन 4 सितंबर, मंगलवार को डॉ. वसंतराव देशपांडे हॉल, एमएलए होस्टल के पीछे, सिविललाइंस, नागपुर में किया जाएगा. इस आयोजन में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं. प्रत्येक संस्थान अधिकतम 8 टीमें भेज सकता है और प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे. इसके लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है. टीसीएस आईटी विज 2018 का आयोजन भारत के 12 शहरों में होगा- अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे. इच्छुक संस्थानों द्वारा प्रविष्टियां मंगलवार, 28 अगस्त 2018 को या इससे पहले क्विज कोऑर्डिनेटर, टीसीएस आईटी विज़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अग्रवाल हाउस, बुराडे लेन, तेलीपुरा, सीताबर्डी, नागपुर को भेजी जानी चाहिए. रिटेन प्रीलिमिनरी राउंड से शीर्ष छह टीमें रीजनल्स फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी. प्रत्येक स्कू ल की टॉप स्कोरिंग टीम को ही मंच पर बुलाया जाएगा, जहां उसी स्कूल की टीमें फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी. रीजनल फाइनल्स की विजेता टीम नेशनल फाइनल्स में भाग लेगी. इस वर्ष के रीजनल चैम्पियन को 60,000 रु. का गिफ्ट वाउचर मिलेगा, जबकि उपविजेता को 40,000 रु. का वाउचर और विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी तथा मेडल मिलेंगे.